DAINIK BHASKAR, Delhi, 4.2.2018
Page No. 6, Size:(16.95)cms X (9.26)cms.

सहीराम के दोनों हाथ पोलियोग्रस्त; पेंशन के लिए आधार फिंगर प्रिंट नहीं मिल पाए, नियमों में दी छूट तो पैर से लिखा आभार पत्र

बिलाड़ा का मामला

बिलाड़ा (जोधपुर)| राजस्थान में बिलाड़ा के हरियाड़ा गांव के सहीराम सरगरा (28) के दोनों हाथ व एक पैर 5 माह की उम्र से पोलियोग्रस्त थे। पिछले एक साल से वे विकलांग पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे थे। लेकिन इसके लिए जरूरी आधार, फिंगर प्रिंट नहीं लिए जा पाने के कारण उनकी पेंशन स्वीकृत नहीं हो पा रही थी। थक-हार कर उसने पिछले साल 12 नवंबर को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत की। मामला बीडीओ मृदुला शेखावत तक पहुंचा। उनके सामने भी परेशानी आई। पेंशन ऑनलाइन स्वीकृत करने को आधार जरूरी था और आधार के लिए फिंगर प्रिंट लेना संभव नहीं था। बीडीओ ने उच्चाधिकारियों से बात कर फिंगर प्रिंट की आवश्यकता के नियम में छूट दिलाई। फिर मोबाइल ओटीपी व आंखों की पुतलियों से आधार एक्टिवेट करवा दिया, जिससे पेंशन स्वीकृत होकर तुरंत पीपीओ भी मिल गया।

बीडीओ बोलीं- ये भावुक कर देना वाला पल

पेंशन स्वीकृत होने से खुश सहीराम पंचायत समिति पहुंचा। कर्मचारियों से एक खाली पेपर व पेन मांगा। फिर फर्श पर बैठ कर बीडीओ शेखावत के नाम आभार पत्र लिख उन्हें सौंपा। इस विशेष आभार पत्र को पाकर बीडीओ ने कहा कि 'यह पल भावुक कर देने वाला है। पत्र मेरे लिए बेहद विशेष है।'